# किसान-पटवारी के बीच परस्पर आरोप

फसल नहीं नरवाई में आग लगाई :पटवारी, पटवारी ने झूठा पंचनामा बनाया : किसान, हर साल फसल काटकर नरवाई जलाता :पड़ोसी

नवभारत न्यूज

**रहली 29 मार्च. रहली जेल के पास खेत में लगी आगजनी की घटना में किसान और पटवारी के बीच आरोप प्रत्यारोप के दौर में कुछ अलग ही सच सामने आ रहा है.**

एक और किसान ने अपनी फसल जलने और नुकसान होने का दावा किया. वहीं पटवारी ने किसान पर नरवाई में आग लगाने और दूसरे किसानों को परेसानी में डालने का आरोप लगाते हुए एक पंचनामा तैयार कर तहसील के वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा है. अब जांच का मामला वरिष्ठ अधिकारियों के पाले में है तहसीलदार राजेश पांडे ने मौके पर जाकर घटना स्थल का निरीक्षण किया.पीड़ित किसान गणेश पटैल का आरोप है कि नुकसान का



जायजा लेने पहुंचे पटवारी ने सांत्वना देने के बजाय उल्टा उसी पर आग लगाने का झूठा आरोप लगाते मनमानी बात लिखकर पंचनामा बनाया है. कोई भी किसान अपनी खड़ी फसल में आग क्यों लगाएगा अगर आग लगानी ही होती तो नरवाई में लगाते. हमारी फसल के साथ कीमती पाइप भी जल गए हैं, पटवारी ने जबरन पंचनामे में यह लिख दिया कि आग मैंने लगाई है.

नुकसान और पटवारी के व्यवहार से व्यथित किसान गणेश पटेल ने एसडीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पटवारी पर कार्रवाई करने की मांग की है. साथ ही, फसल के नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है.

हल्का पटवारी राजेंद्र प्रजापति का कहना है नरवाई जलाना कानूनी रुप से अपराध घोषित है वहीं गणेश पटैल ने मूँग फसल बोने के लिये नरवाई में आग लगाई है और फसल जलाना बता रहे हैं यह बात पड़ोसी किसानों ने भी अपने बयान में कही है और खेत में भी साफ दिखाई दे रहा है, जिसमें नरवाई जलने कि निसान हैं. जब फसल जलती है तो पूरा खेत काला हो जाता है, इनके खेत में तो जलने के सिर्फ चिट्टे है पाईप खुद की लापरवाही से जले हैं. पंचनामा बनाते समय किसानों के समक्ष बयान में सभी पड़ोसी किसानों ने यही बताया कि हर साल नरवाई में आग लगाते है और हम लोगों को खेत बचाने के लिये अपनी मोटरें चलाकर आग बुझानी पड़ती है.

## सुप्रिया को पीएचडी



**सागर.** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर ने अधिसूचना जारी कर वाणिज्य अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र की शोधार्थी सुप्रिया यादव को पीएचडीकी उपाधि प्रदान की है. सुप्रिया परकोटा निवासी स्व.राकेश यादव की पुत्री हैं. उल्लेखनीय है कि सुप्रिया यादव ने अपना शोध कार्य शोध निर्देशक प्रो.आनंद तिवारी,प्राचार्य शासकीय कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है. एमसीबीयू छतरपुर ने शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान करने की अधिसूचना जारी की है. शोधार्थी सुप्रिया ने शोध कार्य भारत में पर्यावरण लेखांकन की वर्तमान स्थिति एवं उपादेयता का मूल्यांकन विषय पर किया है.

# रानगिर में मेगा विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**सागर 29 मार्च. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर के तत्वाधान में ग्राम रानगिर के माँ हरसिद्धी मंदिर प्रांगण में मेगा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश एम.के.शर्मा की अध्यक्षता में किया गया.**

लगभग 45 किमी दूर ग्राम रानगिर का चयन रानगिर व आस-पास के समस्त ग्रामों के निवासियों को विधिक सेवा एवं शासन के विभिन्न विभागों की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुँचाने, योजनाओं की जानकारी देने, अनेक विधियों की जानकारी देने, जनसामान्य के विधिक अधिकारों की जानकारी देने व समस्याओं का डोर स्टेप निराकरण करने के उद्देश्य से किया. शिविर स्थल पर ही 3320 लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया. उक्त




कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग व अन्य कई विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शिविर स्थल पर ही कई नागरिकों को कई योजनाओं यथा:- नि:शुल्क पुस्तक वितरण, संबल कार्ड वितरण, लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र व दिव्यांगों को आर्थिक सहायता दिलाने संबंधी कार्य किया गया. कार्यक्रम में अखिलेश मिश्रा प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, प्रदीप सोनी विशेष न्यायाधीश एवं प्रशांत कुमार जिला न्यायाधीश के साथ तहसील न्यायालय रहली, तहसील न्यायालय देवरी एवं तहसील न्यायालय गढ़ाकोटा एवं कुलदीप पाराशर एसडीएम व जितेन्द्र सिंह राजपूत अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, राजेश पांडेय सदस्य राज्य अधिवक्ता परिषद, आरएन पटेल अध्यक्ष अधिवक्ता संघ रहली, जीमल कुरैशी अध्यक्ष अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा आदि मौजूद थे.

# गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

नवभारत न्यूज

**सागर 29 मार्च. नेशनल हाईवे-44 स्थित नीम घाटी पर गेहूं से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में चालक समेत तीन लोग घायल हो गए, चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है. सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया.**

जानकारी के अनुसार नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा निवासी किसान जयंत पांडे का करीब 40 बोरी गेहूं ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर सागर लाया जा रहा था. ट्रैक्टर चालक मुकेश शुक्ला निवासी तेंदूखेड़ा वाहन चला रहे थे, जबकि उनके साथ विवेक पांडे और बंटू गौंड सवार थे. बताया जा रहा है कि गौरझामर के पास नीम घाटी पर ढलान में अचानक ब्रेक लगाने के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो गई, चालक के संभालने से पहले ही वाहन पलट गया और उसमें सवार तीनों लोग घायल हो गए. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को देवरी अस्पताल में भर्ती कराया गया. प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल चालक मुकेश शुक्ला को जिला अस्पताल रेफर किया गया है.

## साधारण सम्मेलन कल

**सागर.** नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार की अध्यक्षता में महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं पार्षदों की उपस्थिति में 31 मार्च मंगलवार को दोपहर 12 बजे से पुराने निगम कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा.उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह सम्मेलन 30 मार्च को आयोजित किया जाना निर्धारित था, किन्तु शासन द्वारा 30 मार्च को महावीर जयंती का अवकाश घोषित किए जाने के कारण अब सम्मेलन की तिथि परिवर्तित कर 31 मार्च निर्धारित की गई है.

# पाम संडे पर किया गया रैली का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 29 मार्च. सेंट पॉल ई.एल. चर्च द्वारा पाम संडे पर रैली का आयोजन किया गया. यह रैली क्रिशिचयन कॉलोनी से प्रारंभ हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों डीआईजी बंगला, पुलिस कंट्रोल रूम एवं कालीचरण तिराहा होते हुए जिला पंचायत भवन के सामने स्थित चर्च परिसर में आकर संपन्न हुई.**

आयोजन की जानकारी देते हुए चर्च सचिव ई. वाय. कुमार ने बताया कि ईस्टर से पूर्व आने वाले रविवार को पाम संडे के रूप में मनाया जाता है. यह दिन प्रभु यीशु



मसीह के यरुशलेम में विजयी प्रवेश की स्मृति में मनाया जाता है. धार्मिक मान्यता के अनुसार, उस समय लोगों ने प्रभु यीशु के स्वागत में खजूर की डालियों को काटकर मार्ग में बिछाया था, आज भी श्रद्धालु खजूर की डालियों के साथ इस दिन को मनाते हैं. रैली के समापन के बाद चर्च में रविवारीय विशेष आराधना का आयोजन किया गया. इस आराधना का संचालन रेव्हरेंड जयंत सिंह मैथ्यूज एवं पास्टर राहुल यादव द्वारा किया गया. इस अवसर पर मुख्य वक्ता बिशप हेरिस वाल्टर (दमोह) उपस्थित रहे.

# छात्रों ने किया अनशन समाप्त

नवभारत न्यूज

**सागर 29 मार्च. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के योग विभाग के कम्प्यूटर साइंस विभाग में किये गए स्थानांतरण आदेश को स्थगित कर दिया गया है. विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा इस सम्बन्ध में आदेश जारी किया है.**

8 जनवरी को यह स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था जिसको लेकर विभाग के छात्र यह मांग कर रहे थे कि योग विभाग को वर्तमान भवन पतंजलि भवन में ही संचालित रहने दिया जाए. विभाग द्वारा भी योग क्रियाओं इत्यादि को लेकर स्थान और सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान भवन में ही संचालित किये जाने का आग्रह किया था. इसको दृष्टिगत रखते हुए यह स्थगन आदेश जारी किया गया है.

विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी प्रो. राजेंद्र यादव, विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल जैन और प्रभारी मीडिया अधिकारी ने विवि प्रशासन के इस स्थगन आदेश से अनशनरत विद्यार्थियों को अवगत कराया. जानकारी के अनुसार विद्यार्थियों ने इस आदेश का स्वागत करते हुए और विश्वविद्यालय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अनशन को समाप्त किया है.

# कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 29 मार्च. कांग्रेस सेवादल द्वारा आयोजित 81 वें मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक ने सिविल लाइंस चौराहे के नजदीक ध्वजारोहण किया.**

कार्यक्रम में डॉ. सबलोक ने सेवादल अध्यक्ष और कार्यक्रम के आयोजक सिंटू कटारे द्वारा पिछले 7 सालों से ध्वज वंदन और समाज सेवा के लक्ष्य को लगातार जारी रखने की सराहना करते हुए सेवादल के सेवा, त्याग और अनुशासन के संकल्प के साथ राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की



भूमिका को सर्वोपरि बताया. संचालन द्वारका चौधरी द्वारा किया गया. कार्यक्रम मे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.स्वरूप चंद सिंघई के परिजन मुकेश सिंघई ओर स्व.खिदमत राय के परिजन नरेश खत्री का सम्मान किया गया. कार्यक्रम में विजय साहू, एड.अनिल कोठारी, राजाराम सरवैया, हेमराज रजक, अक्षत कोठारी, शिवशंकर यादव, तोता यादव, योगराज कोरी, नितिन पचौरी, प्रीतम यादव, आनन्द हेला, कल्लू पटेल, लल्ला यादव, अंकुर यादव, परख शुक्ला, लालू तिवारी, पवन रैकवार मौजूद थे.

# खेतों में लगी आग की घटना पर डीएम ने लिया संज्ञान

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 29 मार्च. किसानों की खेत में खड़ी गेंहू की फसल व भूसा जलने आदि की घटनाओं को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए सम्बंधित उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों को निर्देश दिये हैं.**

निर्देश में कहा है कि क्षेत्रान्तर्गत हो रही आग लगने की घटनाओं को मौके पर जाकर जांच करें और फसल खलियान दुर्घटना के अंतर्गत पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने की कार्यवाही की जाए. डीएम द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में तहसील महरौनी के मौजा समोगर की आ.सं. 1424 व 1426 में खड़ी गेंहू की फसल व भूसा जलने की घटनाओं में तहसील महरौनी ने जांच कर अवगत कराया है कि खेतों में अज्ञात कारणों से आग लगने से कुछ किसानों की गेंहू की फसल व भूसा जलकर नष्ट हो गया है, जिनमें जगदीश की 0.267 हे0 में खड़ी गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो गयी है. इसी प्रकार से राकेश साहू रकवा 0.016 हे. में गेंहू की फसल, संगीता का लगभग 150 क्वि भूसा, आलम 12 क्विंटल भूसा जलकर नष्ट हो गया है.

# जिला स्तरीय शिक्षक संगोष्ठी में प्रस्तुतीकरण

नवभारत न्यूज


**बंडा 29 मार्च. विकासखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रियंका मैथिल प्राथमिक शिक्षिका शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय हनौता उवारी द्वारा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के जिला स्तरीय शिक्षक संगोष्ठी में गणित शिक्षण में प्रस्तुतिकरण किया.**

संस्था के शिक्षक राघवेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रियंका एम.टेक. जैसी उच्च योग्यता धारी एक बेहद नवाचारी शिक्षिका हैं जो निरंतर कम संसाधनों के बीच भी अपनी रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों को कक्षा से जोड़े रखती हैं. इकाई दहाई की अवधारणा को



बहुत सरल तरीके से तीली बंडल के द्वारा समझाने का नवाचार बंडा विकासखंड मुख्यालय पर चयनित किया गया और जिला स्तरीय संगोष्ठी में प्रस्तुत किया गया.

फाउंडेशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों सुमित्रा, डिंपल सिंह एवं उपस्थित शिक्षक साथियों ने नवाचार की समीक्षा करते हुए सराहना की.






# महावीर जयंती : अहिंसा वाहन रैली का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 29 मार्च. महावीर जयंती के एक दिन पूर्व जैन धर्म के अनुयायियों ने विशाल अहिंसा वाहन रैली का आयोजन किया.**

रैली के पूर्व महासागर महाराज ने प्रवचन दिए. इस अवसर पर मुनिश्री महासागर महाराज ने कहा कि एकता में रहने पर परिवार करोड़पति रहते हैं और परिवार में विघटन होने में परिवार के सदस्य लखपति बन जाते है, यह परिवार और समाज की हालत है. सागर में बहुत बड़ी समाज है धर्म में नाम को लेकर के जो बंटवारा हो रहा है वह कुछ स्वार्थी लोग हैं. मुनि श्री ने कहा कि सच्चा जैनी दिगंबरत्व में बंटवारा नहीं करेगा सम्यक दृष्टि



किसी नाम का भक्त नहीं होता है, वह जैन धर्म और दिगंबरत्व का भक्त होता है. कोई भी संघ के साधु सागर आए सबके साथ पूरी समाज को रहना चाहिए. इसे ही प्रभावना का अंग कहा गया है जहां पर स्वार्थ घुसता है वहां पर अलगाव होता है और धर्म कमजोर होता है. युवाओं को धर्म के सिद्धांत का पालन करना चाहिए, युवाओं के माध्यम से धर्म आगे बढ़ेगा युवाओं को चाहिए धर्म की रक्षा के लिए संकल्पित होना चाहिए. मुनिश्री ने कहा कि सागर में महावीर जयंती एक मत की होना चाहिए अलग-अलग नहीं होना चाहिए और वीतराग मंडल का गठन करना चाहिए. प्रतिभास्थली की रचना दीदी ने जबलपुर प्रतिभास्थली स्कूल में बच्चियों को प्रवेश करने के लिए अपनी बात रखी. वाहन रैली गौराबाई जैन मंदिर से शुरू होकर तीनबत्ती, कोतवाली, सराफा बाजार, चमेली चौक, मोतीनगर थाना, राहतगढ़ बस स्टैंड, विजय टॉकीज चौराहा, गुजराती बाजार, वर्णी कॉलोनी, कीर्ति स्तंभ, बस स्टैंड, सिविल लाइन, गोपालगंज, कॉरिडोर होकर के वापस गौरा बाई मंदिर में समाप्त हुई. रैली में विधायक शैलेंद्र जैन, संतोष घड़ी, मुकेश जैन ढाना, श्रीकांत जैन, संजय शास्त्री, राजकुमार पडेले सहित सैकड़ो की संख्या में लोग रैली में शामिल हुए.

## स्मार्ट मीटर-बिजली बिलों को लेकर आंदोलन

**बीना.** बीना विधानसभा क्षेत्र में स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता, बढ़ते फिक्स चार्ज और मनमाने बिजली बिलों के विरोध में जनता का आक्रोश बढ़ता जा रहा है. इस जनआंदोलन का नेतृत्व कर रहे एड. महेंद्र कुमार नवैया ने बताया कि 30-31 मार्च को दो दिवसीय हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया जाएगा. 30 मार्च को सुबह 10 बजे महात्मा गांधी प्रतिमा, बीना से अभियान की शुरुआत होगी, जो शाम 5 बजे तक चलेगा. वहीं 31 मार्च को पूरे दिन हस्ताक्षर अभियान चलाकर शाम 5 बजे डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर प्रतिमा, राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा. एड. श्री नवैया ने कहा कि स्मार्ट मीटर और फिक्स चार्ज के नाम पर जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाला जा रहा है.





